05/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार आज समाप्त हो गया। इस चरण में सात मई को दस राज्य और एक केंद्रशासित प्रदेश की 93 सीट पर वोट डाले जाएंगे। सभी दलों के प्रमुख नेता अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में मतदाताओं को लुभाने के हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। तिसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। पहले दो चरण का मतदात उन्नीस अप्रैल और छब्बीस अप्रैल को हुआ था। उत्तर प्रदेश में आज तिसरे चरण के चुनाव के लिए उम्मीद्वारों और स्टार प्रचारकों के बीच जोर दार सियासी घमासान देखने को मिला। सभी दलों के उम्मीद्वारों ने रोड शो और घर घर जाकर अभियान चलाया। दूसरे चरण के चुनाव के लिए भी चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। राज्य के दस सीटों पर मंगलवार को मतदान होगा।

असम में तीसरे चरण के मतदान में चार लोकसभा सीटों पर कुल 47 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दूरदराज के इलाकों के लिए आज मतदान कर्मियों को साथ रवाना कर दिया गया है। नलबाड़ी जिले के दूरदराज के इलाकों में नावों, बैलगाड़ियों और ट्रैक्टरों की सेवाएं ली जा रही हैं। तीसरे चरण में 81 लाख से अधिक मतदाता मतदान कर सकेंगे।

0000000000000000

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में 75 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों को संबोधित भी किया।

इन प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र के महापर्व के अवलोकन के लिए आमंत्रित किया था। ये प्रतिनिधि छह राज्यों--महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की कई लोकसभा सीटों का दौरा करेंगे। उनका यह दौरा कार्यक्रम इस महीने की नौ तारीख को समाप्त होगा।

00000000000000000

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने पुंछ जिले में वायुसेना के काफिले पर शनिवार को हुए हमले के बाद अपनी सुरक्षा और कड़ी कर दी है। इस घटना में वायुसेना के पांच जवान घायल हो गये थे और एक की जान चली गई थी। हमले के समय वायुसेना का काफिला **शशिधर** वन-क्षेत्र से **सनाई टॉप** की तरफ जा रहा था। वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में आतंकियों की गोलीबारी में वीरगति को प्राप्त कॉरपोरल विक्की पहाड़े के परिजनों के प्रति समवेदना प्रकट की है।

00000000000000000

मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर भारत में 7 मई तक आंधी-तूफान और तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अगले 7 दिनों तक बादल गरजने, बिजली चमकने और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। भारत के पूर्वी तथा दक्षिणी हिस्सों में भी 9 मई तक आंधी-तूफान और तेज हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। उत्तर-पश्चिम भारत तथा मध्य भारत के कई क्षेत्रों में तापमान में दो से चार डिग्री की वृद्धि होने का अनुमान है।

00000000000000000

गवर्नमेंट कॉलेज याचुली में उद्यमिता पर आयोजित पांच दिवसीय Faculty Development Programme कल संपन्न हुआ। उत्तर पूर्वी परिषद द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का आयोजन Indian Institute of Entrepreneurship गुवाहाटी द्वारा किया गया था। यह Faculty Development Programme उद्यमिता, नवाचार और ऊष्मायन के क्षेत्र में पेशेवरों को प्रशिक्षित और विकसित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें वे जिले के उद्यमियों, किसानों, बेरोजगार युवाओं और छात्रों को उद्यमशीलता करियर अपनाने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरित करने में विशेषज्ञ के रुप में कार्य कर सकते है। इस कार्यक्रम के परिणाम से विविध व्यावहारिक प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से आवश्यक उपकरण और तकनीक प्रदान करने की उम्मीद है।

00000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय ने गत शुक्रवार को अपने विश्वविद्यालय परिसर में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर एक पैनल चर्चा आयोजित की। चर्चा का आयोजन छात्रों के स्वास्थ्य, कल्याण, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ ने इस बात पर जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आता है और इन दोनों से समझौता नहीं किया जा सकता है। यह पैनल चर्चा Sensitization of Departments for Capacity Building on Specific Learning Disabilities पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का एक हिस्सा था।

00000000000000000

सियांग ट्रस्ट ने आज ईस्ट सियांग जिले के आंतरिक मेर गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। गौरतलब है कि तारो तमक नामक नदी के कारण यह गांव आज तक सड़क संपर्क से नहीं जुड़ा पाया है। सियांग ट्रस्ट द्वारा मेर गांव में आयोजित यह दूसरा ऐसा शिविर था। शिविर में स्थानीय लोगों को नि:शुल्क दवाओं के वितरण के साथ-साथ प्रेशर ट्रेस्ट, शुगर टेस्ट और अन्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर से मेर, गादुम और तिनाली गांवों के सत्तर से अधिक जरुरतमंद मरीज लाभान्वित हुए। सियांग ट्रस्ट नियमित रुप से इस क्षेत्र के दूरदराज के गांवों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता आ रहा है।

00000000000000000

भारत के तेजस्विन शंकर ने रविवार को अमेरिका के टक्सन, एरिजोना में यूएसएटीएफ महोत्सव में पुरुषों की हाई जम्प स्पर्धा में जीत हासिल की। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर - सिल्वर इवेंट में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने पहले प्रयास में 2.23 मीटर की दूरी तय की। इस छलांग के साथ उन्होंने अपने सीज़न के सर्वश्रेष्ठ प्रयास की बराबरी कर ली। अमेरिका के अर्नी सियर्स दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मेक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस तीसरे स्थान पर रहे।

00000000000000000